Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी


वर्ष ३० अंक- १५-१६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-३१ अगस्त २०२० (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## देश की शक्ति श्रमिक, किसान और महिलाएं : प्रधानमंत्री मोदी

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के जीवन को सुगम बनाने के लिए सरकार ने क्रांतिकारी कदम उठाए हैं, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में पूरी क्षमताओं के साथ योगदान कर सकें। पीएम मोदी ने ७४वें स्वाधीनता दिवस पर कहा कि अगर मध्यमवर्ग को अवसर दिए जाएं तो वह पूरी क्षमताओं के साथ काम करता है और आश्चर्यजनक परिणाम देता है। युवाओं की कार्यक्षमता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान श्रमिकों, किसानों, महिलाओं ने इस संकट के समय सिद्ध कर दिया कि हर एक भारतीय राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की जनता ने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है। मोदी ने कहा कि हर भारतवासी के मन-मस्तिष्क में आज आत्मनिर्भर भारत छाया हुआ है। इस सपने को संकल्प में बदलते देख रहे हैं और आज ये १३० करोड़ देशवासियों के लिए मंत्र बन गया है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में सैनिटरी नैपकिन का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य की खातिर एक रुपये में सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध करवाने शुरू किए गए हैं।

## ६ राज्यों में गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत ५.५ लाख श्रमिक दिवसों का भारतीय रेलवे ने किया सृजन



प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने ६ राज्यों अर्थात बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत ५.५ लाख से अधिक रोजगार दिवसों का सृजन किया है। रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन परियोजनाओं में हुई प्रगति और इस योजना के तहत इन राज्यों के प्रवासी मजदूरों के लिए जुटाए गए कार्य के अवसरों के बारे में नजदीकी निगरानी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-१९ महामारी द्वारा प्रभावित प्रवासी मजदूरों की बड़ी संख्या में अपने क्षेत्र/गांवों में वापसी को देखते हुए इन लोगों को सशक्त बनाने और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए २० जून, २०२० को गरीब कल्याण रोजगार अभियान नामक बड़े रोजगार एवं ग्रामीण सार्वजनिक कार्य अभियान की शुरूआत की थी। इन राज्यों में लगभग १६५ रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें ५०,००० करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।

## कोविड-१९ की जंग में कोरोना योद्धाओं ने किया सराहनीय कार्य- मुख्यमंत्री योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। कोरोना काल में देश ७४वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मौके पर विधान भवन पर ध्वजारोहण किया। विधान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सरकार के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके नेतृत्व में स्वाधीनता का आंदोलन चला था। एसे वीर सपूतों को स्मरण करते हुए मैं उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। कोविड-१९ के खिलाफ सीएम योगी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से व्यवस्थित रूप में कार्ययोजना प्रारम्भ हुई, उसी का परिणाम है कि दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत, सुरक्षित और संतोषजनक स्थिति में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सबके सामने वैश्विक महामारी कोविड-१९ की त्रसदी भी है। उन्होने कहा कि संक्रमण की वजह जिन लोगों ने दूसरों की सेवा व जान बचाते हुए से अपनी जान गंवाई है, ऐसे सभी कोरोना वॅरियर्स को भी मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad

For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# आपसी प्रेम और भाईचारे की नींव पर होना चाहिए मंदिर निर्माण- प्रधानमंत्री




प.सू.का/नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमि पूजन करीब ५०० सालों बाद पांच अगस्त २०२० को संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधारशिला रखी। पूजा संपन्न होने के बाद पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आज पूरा भारत राममय है और देश आज स्वर्णिम इतिहास रच रहा है। सदियों का इंतजार आज समाप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सदियों पुराना सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री राम के अस्तित्व को मिटाने के कई बार प्रयास किए गए लेकिन आज भी वह हमारी संस्कृति का आधार स्तंभ बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर हमारी संस्कृति, हमारी आस्था, राष्ट्रीय भावना और सामूहिक शक्ति का आधुनिक प्रतीक होगा जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करेगा। मंदिर के बनने से संभावनाओं के कई अवसर बनेंगे जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने पिछले साल माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मंदिर के संबध में सुनाए गए फैसले के दौरान सभी की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, देशवासियों द्वारा दिखाए गए संयम और गरिमा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संयम और गरिमा आज भी दिखाई दे रही है।

# दीयों की रोशनी से नहाई देवभूमि

रे.स.ब्यू./सूत्र.देहरादून। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के भूमि पूजन पर संतों ने भी आश्रमों में दीये जलाकर दीपोत्सव मनाया। वहीं देवभूमि उत्तराखंड में भी दीपोत्सव मनाया गया। लोगों ने रात आठ बजते ही अपने घरों में दीपक जलाकर भगवान राम की पूजा अर्चना की। हरिद्वार में हरकी पैड़ी पर रामभक्तों ने हजारों दीये जलाकर खुशी मनाई। पैदल रास्ते से लेकर ब्रह्मकुंड तक हरकी पैड़ी दीयों के उजाले से जगमगा उठी। संतों ने दीयों और फूलों से जय श्रीराम लिखकर मंदिर को रोशन किया और भगवान राम की पूजा की। देहरादून में बाजारों से लेकर घरों तक उत्सव और त्यौहार जैसी रौनक नजर आई।

# रामनगरी के लोगों को उम्मीद,अब होगा उनकी बदहाली का अंत

रे.स.ब्यू./सूत्र. अयोध्या श्रीरामजन्मभूमि राजनीतिक कारणों से अब तक उपेक्षा की शिकार रही पर पहली बार आए प्रधानमंत्री के संकल्प से जश्न में डूबी है।



प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में अयोध्या के सांस्कृतिक परिदृश्य का भी खाका खींचा है। एक साथ होली-दिवाली का उत्सव मनाई रामनगरी के लोगों को उम्मीद है कि अब उनकी बदहाली का अंत होगा और फिर रामराज लौटेगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हर तरफ एक ही आवाज थी कि मंदिर तो बनना ही था, लेकिन इसकी शुरुआत में नौ महीने लगे। पर यहां के ढांचागत विकास और पर्यटन की संभावनाओं से रोजगार तलाशना सबसे बड़ी जरूरत है।

ऐसे में हिंदू धर्म के साथ बौद्ध, जैन, सिख आदि से जुड़ी यहां की जड़ें देश-विदेश के लाखों लोगों को आकर्षित करेंगी।

बस जरूरत है सरकार सच्चे मन से आधारभूत संरचनाएं तैयार करे।

देश - विदेश से आने वाले भक्त यहां कदम रखते ही तमाम दुश्वारियां को झेलते हैं, कहते हैं कि किताबों में जो लिखा है और वर्तमान की स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर क्यों है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के जरिए अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर अविस्मरणीय बनाया है

# श्री राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व को दर्शाता है- अमित शाह



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन व शिलान्यास को भारत के लिए एक ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण दिन बताया है। अपने ट्वीट्स में अमित शाह ने कहा कि प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भव्य राम मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया, जिसने महान भारतीय संस्कृति व सभ्यता के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है और एक नए युग की शुरुआत की है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि अयोध्याजी में राम मंदिर निर्माण सदियों से दुनिया भर के हिंदुओं की आस्था का प्रतीक रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने राम मंदिर का भूमिपूजन करके करोड़ों लोगों की आस्था को सम्मान देने का काम किया है, इसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। अमित शाह ने यह भी कहा कि प्रभु श्री राम जी के आदर्श एवं विचार भारतवर्ष की आत्मा में बसते हैं। उनका चरित्र एवं जीवन दर्शन भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। राम मंदिर निर्माण से यह पुण्यभूमि अयोध्याजी पुनः विश्व में अपने पूर्ण वैभव के साथ जग उठेगी। धर्म और विकास के समन्वय से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होने कहा कि इस भव्य प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व को दर्शाता है।

# पांच शताब्दियों बाद राम मंदिर का सपना हुआ पूराः योगी आदित्यनाथ




रे.स.ब्यू./सूत्र.अयोध्या भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन की विधी संपन्न हो चुकी है। शुभ मुहुर्त के अनुसार बुधवार दिनांक ०५.०८.२०२० की दोपहर ठीक १२:३० बजे प्रधानमंत्री मोदी ने रजत शिलाओं से मंदिर की आधारशिला रखी। संबोधन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने पूजन में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री ने बता दिया कि किस प्रकार से सभी को साथ लेकर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनेक पीढ़ियां चली गई इस क्षण के इंतजार में। बहुत लंबा संघर्ष चलता रहा और आज प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश के कारण ही यह संभव हो पाया है।

# १०४.७७ करोड़ की लागत से होगा अयोध्या रेलवे स्टेशन का विकास


रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की पावन जन्मभूमि अयोध्या नगरी युगों से सम्पूर्ण विश्व के मध्य भक्ति एवम् आस्था का केंद्र बिंदु रही है। अपनी इसी महत्ता के कारण अयोध्या नगरी का रेलवे स्टेशन भी भारतीय रेल पर अपना एक विशेष स्थान रखता है एवम् प्रतिदिन अपनी सुगम रेल परिचालन व्यवस्था के द्वारा अनेक गाड़ियों को संचालित करते हुए अनेक यात्रियों का इस नगर में सुविधाजनक आवागमन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका एवम् उत्तर-दायित्वों का पूर्ण प्रतिबद्धता से संवहन करता है। अयोध्या के परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए तथा भविष्य में अयोध्या की महत्ता को ध्यान में रखते हुए अयोध्या रेलवे स्टेशन के संरचालनात्मक स्वरूप,यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सौंदर्य तथा विभिन्न वांछित सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के मानकों के साथ उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर सार्थक प्रयास करते हुए इस स्टेशन को नव स्वरूप से सुसज्जित करने की प्रक्रिया जारी है।



उल्लेखनीय है कि अयोध्या स्टेशन की नवीनतम एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसस्सजित भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इस भवन हेतु वितीय वर्ष २०१७-१८ में ८० करोड़ की स्वीकृति दी गयी थी जिसे अब बढाकर १०४.७७ करोड़ कर दिया गया है। इस स्टेशन भवन का निर्माण रेलवे की राइट्स उपक्रम द्वारा किया जा रहा है। स्टेशन के आंतरिक एवम् बाह्य परिसर का नवीनीकरण करते हुए स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि सहित अन्य वांछित सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर प्रगति कार्य जारी है।




## पूर्व मध्य रेल के नये अपर महाप्रबंधक बने अशोक कुमार



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के नये अपर महाप्रबंधक का पदभार दिनांक २३-०७-२०२० को अशोक कुमार ने ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व अशोक कुमार पूर्व मध्य रेल के निर्माण विभाग में ही मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के पद पर पदस्थाति थे। अशोक कुमार, १९८४ बैच के ''भारतीय रेल इंजी. सेवा'' के ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं। ३४ साल लंबी सेवा के दौरान अशोक कुमार उत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवेमें विभिन्न महत्वपर्ण पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। अशोक कुमार जनवरी, २०१६ से पूर्व मध्य रेल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के पद पर पदस्थापित थे।

## प्रयागराज संगम स्टेशन और रामबाग पर भी खुला रिजर्वेशन काउंटर

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज छिवकी के बाद अब प्रयागराज रामबाग एवं प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पर भी रेलवे ने रिजर्वेशन काउंटर खोल दिए हैं। यात्री अब रामबाग और संगम रेलवे स्टेशन पर भी जाकर ट्रेनों के लिए अपना टिकट आरक्षित करा सकते हैं। बतादें कि अनलॉक शुरू होने के बाद से ही १ जून से देशभर में १०० जोड़ी ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इन ट्रेनों के संचालन के सप्ताह भर पूर्व ही रेलवे द्वारा कुछ स्टेशनों के रिजर्वेशन काउंटर खोले गए थे जिसमें प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी के ही काउंटर भी थे।

वहीं अब ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद उत्तर रेलवे के प्रयाग जंक्शन स्थित रिजर्वेशन काउंटर को खोला गया। इसी कड़ी में अब प्रयागराज संगम और प्रयागराज रामबाग स्थित रिजर्वेशन काउंटर भी यात्रियों के लिए खोल दीये गए हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सेना ने वीर शहीदों को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। यूपी पूर्व और एमपी सब एरिया मुख्यालय में जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आईएम लांबा ने युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पुष्पचक्र चढ़ाया। बतादें कि ६० दिनों तक चले इस युद्ध में भारतीय योद्धाओं ने न सिर्फ पाकिस्तान के दांत खट्टे किए बल्कि पूरे विश्व में अपने पराक्रम का लोहा मनवाया। वहीं बच्चों ने भी अपने राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत चित्रकारी से सबका मन मोह लिया। देशप्रेम की भावना को उजागर करने वाले इन बच्चों को आर्मी वेलफेयर एसोसिएशन ने पुरस्कृत किया। वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति से जुड़े पूर्व सैनिकों एवं पूर्व सूबेदार थल सेना व कारगिल युद्ध विजेता यामसुंदर सिंह पटेल के नेतृत्व में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## GENERAL MANAGER HOLDS PERFORMANCE REVIEW MEETING



**RSB/New Delhi: General Manager Northern & North Central Railways, Rajiv Chaudhry held a performance review meeting with the departmental heads of Northern Railway through video conferencing from Baroda House in New Delhi. He discussed the on-going efforts of the various departments in maintaining and enhancing the infrastructure and assets of the zone. As normal train operations have not been resumed yet, Northern Railway is focusing to work on improving the safety issues, maintenance and monito-ring of rail tracks especially as the monsoon season is on, efforts to increase speed in sections, improving amenities on stations and steps to prevent spread of corona virus in the Railway fraternity.**

## प्रयागराज के जाने माने न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. कार्तिकेय शर्मा ने कोरोना से जीती गंज

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। शहर के विख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. कार्तिकेय शर्मा को भी कोरोना ने अपनी चपेट में ले लिया। रविवार दिनांक २६.०७.२०२० को रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद वे सड़क मार्ग द्वारा दिल्ली चले गए और सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इसकी पुष्टि कोरोना के नोडल अधिकारी डॉ. ऋषि सहाय ने की। बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत हफ्ते भर से खराब थी। अब उन्होंने कोरोना से जंग जीत ली है।

सम्पादकीय

# सबकी अयोध्या, जन-जन के राम

राम भारत ही नहीं दुनिया के करोड़ों लोगों के आस्था के प्रतीक हैं। यही कारण था कि प्रतीक ढह गए लेकिन राम का अस्तित्व अमिट बना रहा। राम को लोगों ने अपने हृदय, मन-मस्तिक में जिंदा रखा। वहीं भूमिपूजन के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर निर्माण की विधिवत शुरुआत हो गई है और इसी के साथ अयोध्या में ४६२ वर्षो के विवाद का अब पटाक्षेप हो गया है।

जिस मंदिर ने अपना वजूद पांच सदी पहले खो दिया था, वह एक बार फिर साकार रूप लेने वाला है। दावा किया जा रहा है यह मंदिर भव्य बनेगा, अलौकिक होगा।

अब सवाल यह उठता है कि राम कि अयोध्या की पहचान क्या सिर्फ इस भव्य मंदिर तक सीमित रहेगी, या इसके कुछ व्यापक मायने भी होंगे, राम तो इस देश के आदर्श रहे हैं। अब समय आ गया है, मंदिर से आगे की बात सोचने का। इस नगरी ने सबको स्वीकारा और सबको जगह दी। अयोध्या को आदर्श केंद्र बनाने का।

जैसे राम सबके हैं, उसी तरह अयोध्या सबकी रही है। आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता की प्रतीक थी अयोध्या। उसी अयोध्या को हमें फिर से जिंदा करना होगा। सामान्य जन के लिए अयोध्या मतलब है राम का निवास, रामराज्य का केंद्र। लेकिन, अयोध्या का अस्तित्व इतना ही नहीं है। अयोध्या सबकी रही है। वे सबके हृदय में वास करते हैं।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अ. प्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें। प्रधान सम्पादक

# नौकरी के लिए निकले फर्जी विज्ञापन एजेंसी के खिलाफ रेलवे करेगा सख्त कार्रवाई

प.सू.का/नई दिल्ली। रेलवे ने एक निजी एजेंसी के खिलाफ भर्ती का फर्जी विज्ञापन जारी करने के मामले में सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बतादें कि ५००० पदों पर ८ अगस्त को देश के प्रमुख अखबारों में छपे इस विज्ञापन में उम्मीदवारों से आठ अलग अलग श्रेणियों में ५२८५ पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। अवेस्ट्रान इन्फोटेक नाम की एक संस्था ने भारतीय रेलवे में ११ वर्ष के आउटसोर्सिंग अनुबंध के आधार पर आठ श्रेणियों में कुल ५२८५ पदों के लिए आवेदन जारी किये गए हैं। आवेदकों को ऑनलाइन शुल्क के रूप में ७५०/- रुपये जमा करने के लिए कहा गया है और विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि १० सितंबर २०२० दी गई है। इस संबंध में, रेलवे ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय रेलवे में वर्ग 'ग' और पूर्व वर्ग 'घ' पदों की विभिन्न श्रेणियों की भर्ती वर्तमान में २१ रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) और १६ रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) द्वारा ही की जाती है। इन्हे किसी अन्य संस्था के द्वारा नहीं किया जाता है। और रेलवे में रिक्त पदों की भर्ती केंद्रीय रोजगार सूचना (सीईएन) के माध्यम से व्यापक प्रचार के साथ की जाती हैं।

रेलवे ने किसी भी निजी संस्था को अपनी ओर से कथित रूप में कर्मचारियों की भर्ती करने के लिए अधित नहीं किया है जैसा की अवेस्ट्रान इन्फोटेक नामांकित एजेंसी द्वारा किया गया है। बतादें कि रेलवे ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और उपरोक्त संस्था/उपरोक्त मामले में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हुबली रेलवे संग्रहालय राष्ट्र को समर्पित

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल और कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दिनांक ६ अगस्त २०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुबली में रेलवे संग्रहालय को देश को समर्पित किया। इस आयोजन की अध्यक्षता रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने की और इसमें कई गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि रेलवे का हम सभी के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव रहा है। रेलवे ने हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं प्रल्हाद जोशी ने कहा, कि यह संग्रहालय सबसे अधिक प्रासंगिक है क्योंकि हुबली ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रेल जंक्शन है। उन्होंने नए संग्रहालय और २२६ विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाने के लिए भी रेलवे को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने कहा कि हुबली के लोगों के लिए आज एक बड़ा अवसर है।

# अयोध्या सीमा के पहले बनेंगे तीन डाक बंगले - केशव प्रसाद मौर्य

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अयोध्या सीमा से पहले गोरखपुर लखनऊ और प्रयागराज तीन प्रमुख मार्गो पर भव्य डाक बंगले बनाए जाएंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द ही स्टीमेट बनाने का निर्देश दिया है। वह गुरुवार दिनांक ०६.०८. २०२० को अधिकारियों संग बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पर्यटन के दायरे को बढ़ने का भी कार्य कराए जाएंगे।



इसके साथ ही उपमुखमंत्री ने कहा कि राज्य की सीमा पर प्रवेश द्वार बनाने की भी कार्य योजना बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर जहां स्पीड ब्रेकर मानक के अनुरूप न हो उसे भी ठीक कराया जाए।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# रेल के डिब्बों को पटरी पर लाने वाली मशीन का हुआ परीक्षण

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रोड कम रेल व्हीकल मशीन का परीक्षण प्रयाग स्टेशन के यार्ड में किया गया। मशीन परीक्षण के लिए लखनऊ से प्रयाग लाई गई थी जो रोड और रेलवे ट्रैक पर चलने वाली खास मशीन है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की मशीन प्रयाग स्टेशन के यार्ड पर क्रॉसिंग से रेलवे ट्रैक पर लाई गई। जिसके बाद ट्रैक पर चलाकर मशीन का परीक्षण किया गया। बतादें कि यह मशीन बेपटरी होने वाली बोगियों को फिर से पटरी पर लाने के साथ ही साथ ट्रेनों के पहिये खराब होने पर मरम्मत में भी मदद करती है। यह मशीन किसी दुर्घटना के बाद बंद हुए संचालन को बहाल करने में मददगार है जिसे जर्मनी से मंगाई गई है।

स्टेशन अधीक्षक प्रयाग संजय कुमार ने बताया कि मशीन सड़क पर ८० किमी प्रति घंटा और रेलवे ट्रैक पर २०-२५ किमी प्रति घंटा की गति से चलती है। इसकी कीमत २६ करोड़ रुपए बताई जाती है।

# डीआरएम ऑफिस मे होगा अब दो कंट्रोल रूम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में अब एक नहीं बल्कि दो कंट्रोल रूम होंगे। वहीं रेलवे द्वारा दूसरे कंट्रोल रूम का इस्तेमाल आपातकाल स्थिति में किया जाएगा। डीआरएम ऑफिस में इस दूसरे कंट्रोल रूम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह कंट्रोल रूम कार्यालय के प्रांगण में स्थित मनोरंजन गृह हॉल के निकट बनाया जा रहा है। स्टैंडबाई मॉड के आधार पर इसका प्रयोग रेलवे द्वारा किया जाएगा।

बतादें कि मंडल रेल नियंत्रण कक्ष में २८ जून को एक कर्मचारी कोरोना पाजीटिव पाया गया जिसके बाद एक हफ्ते के भीतर ही २० कर्मचारी कोरोना पाजीटिव निकल आए और ४० कर्मचारी ऐसे थे जो इन संक्रमित कर्मचारियों के सीधे संपर्क में आए थे। जिसके बाद रेलवे के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई। ट्रेन के संचालन हेतु कंट्रोल आफिस को २४ घंटा चलाना होता है। जिसमें पूरे मंडल पर आने जाने वाली यात्री एवं माल गाड़ियों की मानीटरिंग एवं नियंत्रण किया जाता है। प्रयागराज मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी केशव त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्य जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

# होम आइसोलेशन से अस्पतालों को मिली राहत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। होम आइसोलेशन की सुविधा शुरू होने से अब जिले में अस्पतालों पर बोझ कम होने लगा है। घर पर इलाज कराने वालों की संख्या सबसे अधिक शहरी क्षेत्र की है। रोजाना पॉजिटिव आने वाले ७० फीसदी तक लोग होम आइसोलेशन में जा रहे हैं। होम आइसोलेशन की सुविधा प्रदेश सरकार की घोषणा के बाद जिले में २४ जुलाई से शुरू हुई है। संक्रमितों की संख्या में बीते कुछ दिनों से लगातार वृद्धि होने लगी है। इससे प्रशासन को बेड कम पड़ने की चिंता सताने लगी थी। होम आइसोलेशन की सुविधा शुरू होने से इस समस्या से काफी हद तक राहत मिली जिसके बाद कोविड अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी कम हो गई।

# कोरोना संक्रमितों से भेद-भाव पर उपराष्ट्रपति ने जताया दुख

प.सू.का/नई दिल्ली। कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव तथा संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उसे आदरपूर्वक अंतिम संस्कार तक न दिए जाने की घटनाओं पर उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने गहरा खेद जताया। उन्होंने ऐसी घटनाओं को नितांत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्थानीय समुदाय और वश्हत्तर समाज से ऐसी वत्तियों को रोकने को कहा। फेसबुक पोस्ट में नायडू ने कहा कि ऐसी कुवॉत्तियों को जड़ से समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा संक्रमित व्यक्ति सहायता और संवेदना की अपेक्षा करता है। कोई भी इस संक्रमण से पूरी तरह से निरापद नहीं है, यह आय वायरस किसी को भी संक्रमित कर सकता है। उन्होंने कहा ऐसे व्यवहार का मूल कारण लोगों में जानकारी का न होना है, इसके लिए आवश्यक है कि स्वास्थ्य प्रशासन और मीडिया लोगों तक प्रमाणिक जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं। प्रमाणिक जानकारी के अभाव में अंधविश्वास और अफवाहें फैलती हैं। जबकि जानकारी होने से व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों, पुलिस, मीडिया तथा समान पहुंचाने वाले कर्मियों जैसे कोरोना योद्धाओं के प्रयासों में सहयोग और समर्थन देने का आग्रह किया।



## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# क्यूआर कोड से होगी रेलवे स्टेशनों पर टिकटों कि जांच

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अब देश के सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड से टिकटों की जांच होगी। कोरोना के संक्रमण से यात्री और कर्मचारियों को बचाने के लिए रेलवे बोर्ड ने क्यूआर कोड से टिकट जांच व्यवस्था सभी जोन में लागू करने का आदेश दे दिया है। इसमें आरक्षित टिकट खरीदते ही यात्री के मोबाइल पर क्यूआर कोड के यूआरएल वाला एसएमएस आएगा और स्टेशन पर प्रवेश करने या कोच में जांच के दौरान यात्री को क्यूआर कोड वाले यूआरएल को क्लिक करना होगा। इसे क्लिक करते ही टिकट का विवरण मोबाइल स्क्रीन पर आ जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन पर प्रयोग के तौर पर यह व्यवस्था लागू की गई थी। वहीं अब कारगर साबित होने पर इस व्यवस्था को रेलवे बोर्ड ने सभी जोन में लागू करने का निर्णय लिया है।

# पुलिसकर्मियों सहित १०१ लोग नए कोरोना संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। तीन पुलिसकर्मी समेत कुल १०१ नए कोरोना संक्रमित मरीज शनिवार दिनांक २५.०७.२०२० को जिले में मिले। इनमें स्वास्थ्य विभाग शनिवार की आधी रात तक ८८ की पहचान कर सका। कोविड १६ के नोडल डॉ. ऋषि सहाय ने बताया कि पोर्टल पर अपलोड होने के बाद पहचान में आए ८८ लोगों में कुल २१ महिलाएं शामिल हैं और बच्चे भी हैं। संक्रमित लोगों में अधिकतर युवा हैं, जिनकी उम्र २० से ४५ के बीच है। ७५ वर्षीय एक महिला की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव है। शनिवार को इसके अलावा कुल १२८८ संदिग्ध लोगों का नमूना लिया गया। उन्हें जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहीं, १२८६ लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई। वहीं अब तक ७८ लोगों को होम आइसोलेशन की अनुमति दी गई है।

# अगस्त को रेलकर्मी करेंगे निजीकरण के खिलाफ विरोध

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे के कर्मचारी संगठन निजीकरण के खिलाफ नौ अगस्त को वेहद आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन्स निजीकरण व अन्य मुद्दों के लेकर आंदोलन में एक साथ खड़े होंगे। रेलवे के अन्य कर्मचारी संगठन भी आंदोलन में शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार आंदोलन को सफल बनाने के लिए दोनों संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। एनसीआरईएस आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों से जनसपंर्क कर रहा है। एनसीआरएमयू आंदोलन की तारीख से एक सप्ताह पहले कर्मचारियों के बीच जागरुकता अभियान चलाएगा। एनसीआर-एमयू प्रमुख आरडी यादव के मुताबिक आंदोलन के लिए कई मुद्दे हैं लेकिन रेलवे के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन प्रमुख रूप से होगा।

# प्रयागराज मंडल में सिगनलिंग प्रशिक्षण केंद्र प्रारम्भ

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर सिगनलिंग स्टॉफ को सिगनल मेंटेनेन्स में प्रशिक्षित करने एवं उनकी कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता में बृद्धि करने हेतु एक सिगनल प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज छिवकी स्टेशन बिल्डिंग पर बनाया गया है। इस प्रशिक्षण केंद्र में २५ प्रशिक्षुओं के बैठने की सुविधा है। यहाँ एक कंम्प्यूटर एवं ४३ इंच LED स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण केंद्र इंटरनेट के माध्यम से मंडल की विभिन्न लोकेशनों से जुड़ा हुआ है।

इस व्यवस्था के पश्चात अब ट्रेनिंग के लिए नवआगन्तुकों को गाजियाबाद तथा सिकन्दराबाद के प्रशिक्षण केंद्रों में नहीं जाना पड़ेगा।

कोरोना महामारी के कारण नवागंतुक प्रशिक्षणार्थियों का स्वयं गाजियाबाद अथवा सिकंदराबाद के प्रशिक्षण केंद्रों पर जाकर प्रशिक्षण लेना संभव नहीं था। अतः प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रशिक्षण हेतु आनलाइन प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है।

# रेलवे के २१ कर्मियों को मिली पदोन्नति, बने सहायक इंजीनियर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना काल में पदोन्नति की प्रक्रिया कर उत्तर मध्य रेलवे के कार्मिक विभाग ने २१ रेलकर्मियों को पदोन्नति दी। इस प्रक्रिया से ग्रुप सी के २१ रेलकर्मियों को सहायक इंजीनियर के पद पर पदोन्नति मिली है। इससे इंजीनियरिंग विभाग के कैडर में अधिकारियों की भी कमी काफी हद तक दूर हो गई है। एनसीआर के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह के अनुसार कोविड -१६ की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण संसाधन मानव शक्ति की उपलब्धता है। इसी क्रम में कार्मिक विभाग द्वारा सहायक इंजीनियर (राजपत्रित) के पद पर २१ कर्मियों की पदोन्नति की।

# डीए में जुलाई से ३% वृद्धि, मिलेगा २०२१ से

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पहली जुलाई २०२० से महंगाई भत्ता (डीए) में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी तय हो गयी है। अब केंद्रीय और राज्यकर्मियों का डीए २१ फीसदी से बढ़कर २४ फीसदी पर पहुंच जाएगा।

पेंशनरों की महंगाई राहत भी बढ़कर २४ प्रतिशत हो जाएगी।

इससे पहले जनवरी में महंगाई भत्ता में ४ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जिसका भुगतान मार्च से ही होना था लेकिन भुगतान पर सरकार ने रोक लगा दी थी। इस प्रकार जनवरी २०२० की ४ प्रतिशत व जुलाई २०२० की ३ प्रतिशत वद्धि का भुगातन जुलाई २०२१ से होगा।

डीए वृद्धि से केंद्र सरकार के लगभग ८० लाख सरकारी कर्मचारी, पेंशनर व यूपी समेत विभिन्न राज्यों के ५० लाख से ज्यादा कर्मचारी एवं पेंशनर लाभांवित होंगे।

# अनुरक्षण कार्य करने के लिए उत्तर रेलवे मिशन मोड़ में


रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। कोरोना लॉकडाउन अवधि के दौरान महामारी से निपटने में राष्ट्र को सहयोग देने के लिए उत्तर रेलवे अनवरत प्रयास कर रही है। उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बताया कि लॉकडाउन अवधि को अवसर मानते हुए उत्तर रेलवे ने इसका इस्तेमाल अनुरक्षण कार्यो को करने के लिए किया। सुरक्षित रेल परिचालन के लिए अनेक कदम उठाए गए। दिल्ली क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे पुराने रोड़ ओवर/फुट ओवर ब्रिज हैं जिनकी मरम्मत किये जाने की आवश्यकता थी। इन पुलों का निरीक्षण करने के बाद मिशन मोड में इनके अनुरक्षण का कार्य किया गया। विद्युतीकृत सैक्शन में रेलगाड़ियों की व्यस्त आवाजाही, भारी सड़क यातायात, ब्लॉक के लिए कम अवधि की उपलब्धता और अतिक्रमण इत्यादि के चलते यह अनुरक्षण कार्य बेहद चुनौती पूर्ण था। पिछले ६ माह के दौरान मरम्मत/सुधार कार्य सफलतापूर्वक किए गए।

# आरआरसी के चेयरमैन विवेक प्रकाश प्रतिनियुक्ति पर गए दिल्ली

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रतिनियुक्ति पर आरआरसी प्रयागराज के चेयरमैन विवेक प्रकाश का उत्तरी दिल्ली नगर निगम में एडिशनल डिप्टी कमिश्नर के पद पर तबादला हुआ है। वह पहली बार ११ वर्ष की रेल सेवा पूर्ण कर प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। अगले आदेश तक उनके स्थान पर एनसीआर के डिप्टी सीपीओ अतुल मिश्र देखेंगे। शुक्रवार दिनांक ३१.०७.२०२० को विवेक प्रकाश ने आरआरसी चेयरमैन का पदभार छोड़ दिया। विवेक प्रकाश ने आरआरसी में चेयरमैन का पदभार वर्ष २०१६ में ही संभाला था। उनके आने पर आरआरसी ने ग्रुप डी ऑनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक करवाई। उन्नाव के शुक्लागंज के रहने वाले विवेक प्रकाश की रेलवे में पहली नियुक्ति दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा में हुई वह एनसीआर में वह वर्ष २०१३ में आए।

## राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का शीघ्र किया जायेगा गठन- पीयूष गोयल

प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा रेल मंत्री पीयूष गोयल ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में पूरी तरह योगदान देने के लिए व्यापारिक समुदाय की प्रशंसा की है। दिनांक ०६.०८.२०२० को वर्चुअल तरीके से परस्पपर संवाद के जरिये राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के अवसर पर व्यांपारी समुदाय से बातचीत करते हुए उन्होंकने कहा कि उन्हेंद ग्राहक जागरूकता अभियान आरंभ करना चाहिए, जिससे कि लोग मेक इन इंडिया वस्तुओं को खरीदें। उन्हों ने उनसे भ्रष्ट व्यवसायियों तथा व्यासपारियों का पर्दाफाश करने में व्हिसिल ब्लो अर के रूप में कार्य करने को कहा जो शत्रु देशों से घटिया गुणवत्ता वाली वस्तुओं का आयात करने पर आमादा है।



गोयल ने कहा कि व्यापारिक समुदाय आत्मनिर्भर भारत अभियान से काफी लाभान्वित होंगे क्योंकि भारत में बनी अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुएं बढ़ती अर्थव्यववस्था वाले देशों में बिकेगी, जिससे कीमतों में कमी आयेगी और हमारे उत्पाादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनायेगी। उन्हों ने व्यापारियों से प्रधानमंत्री की 'वोकल फॉर लोकल की अपील को आगे बढ़ाने को कहा।

गोयल ने कोविड महामारी के दौरान और विशेष रूप से लॉकडाउन अवधि में इस अवसर पर खरे उतरने तथा देश के प्रत्येक हिस्से में अनिवार्य वस्तुरओं की उपलब्धीता सुनिश्चित करने में व्यापारियों की भूमिका की सराहना की। गोयल ने व्यारपारिक समुदाय को आश्वा्सन दिया कि जल्द ही राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जायेगा।

## निजीकरण के फैसले पर गरजे रेलकर्मी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे के कर्मचारी संगठनों ने प्राइवेट रेलवे की उत्पादन इकाइयों को निगम के हवाले करने, ट्रेनें चलाने, स्टेशनों की देखरेख प्राइवेट संस्थाओं को देने आदि की योजना के खिलाफ रविवार दिनांक ०६.०८.२०२० को विरोध-प्रदर्शन किया। एनसीआरएमयू, एनसीआर-ईएस, एनआरएमयू और एनसी-आरडब्लू ने विभिन्न स्थानों पर अपनी आवाज बुलंद की। इनके अलावा महंगाई भत्ता रोकने और पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग सभी कर्मचारी संगठनों ने की। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज संघ ने प्रयागराज जंक्शन पर प्रदर्शन करते हुए निजीकरण, निगमी- करण, पेंशन नीति, डीए आदि को लेकर विस्तार से चर्चा की। महामंत्री आरपी सिंह ने कर्मचारियों से करो या मरो के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। दूसरी ओर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेन्य यूनियन ने लोको शाखा कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान निजीकरण और निगमीकरण के खिलाफ आंदोलन तेज करने और इसे रोकने का आह्वान किया। सभा में मंडलमंत्री डीएस यादव, आरआर सिंह, मोहिबुल्लाह, नागेंद्र बहादुर आदि मौजूद रहे।

## आईसीएससी बोर्ड की टॉपर रिदम को मंत्री नन्दी ने किया सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने ICSC बोर्ड की १२वीं कक्षा की टॉपर रिदम को मंत्री नन्दी ने ५१०० रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर एवं शौल व मोमेंटो दे के सम्मानित किया। नन्दी ने बताया कि रिदम सेंट मैरिज कॉन्वेंट इंटर कॉलेज प्रयागराज की १२वीं कक्षा में ६७.५ अंक हासिल किए, रिदम को अकाउंट्स में १००, इकोनॉमिक्स में ६६ और कॉमर्स में ६८ प्रतिशत अंक मिले हैं। हिंदी और अंग्रेजी में ६३ प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हुई हैं। नन्दी ने बताया कि रिदम का ICSC बोर्ड में उत्तीर्ण होना पुरे प्रदेश के साथ साथ प्रयागराज के लिए भी गौरव की बात है।

## जिलाधिकारी प्रयागराज ने स्वरूपरानी अस्पताल का किया निरीक्षण

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने स्वरूपरानी अस्पताल के प्रेक्षागृह में मेडिकल टीम के साथ बैठक करते हुए अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। रविवार दिनांक ०२.०८.२०२० को उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर-टू-डोर परीक्षण करते हुए कोरोना के लक्षण प्रतीत होने वाले लोगो की जांच कराते हुए समय से अस्पताल में भर्ती कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार, प्राचार्य-डॉ० एस०पी० सिंह तथा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में रेल प्रशासन ने बढ़ाए कदम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वर्ष २०२४ तक सभी दिल्ली-हावड़ा, और दिल्ली-मुंबई रूट पर यात्रि ट्रेनों की अधिकतम स्पीड १६० किमी प्रति घंटा बढ़ाने की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने कदम और आगे बढ़ाया है। जिसके लिए ट्रेनों में होने वाले हॉट एक्सल व ब्रेक बाइंडिंग आदि की निगरानी हेतु वे-साइड उपकरण लगाने की तैयारी की है। इन समस्याओं के समाधान के लिए एनसीआर के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने परिचालन के दौरान आने वाली किसी भी कमी की पहचान के लिए वे साइड मशीन लगाने का आदेश दिया है। जिसके बाद यांत्रिक विभाग की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय से गाजियाबाद और पलवल से बीना के बीच यह मशीन प्रत्येक सौ किलोमीटर की दूरी पर लगाई जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इन उपकरणों को लगाने के बाद ट्रेनों में आने वाली कमियों की समय पर पहचान सुनिश्चित हो सकेगी और संरक्षित और निर्बाध ट्रेन परिचालन में सहायता मिलेगी।

## रेलवे के चोरी के उपकरण बेचते धराया

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। रेल इंजन के चोरी का उपकरण बेचने वाले कबाड़ दुकानदार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की आरपीएफ टीम ने यहियागंज में गिरफ्तार किया । दुकान से तीन बैटरी तांबा व पीतल के बने २.५ क्विंटल के उपकरण बरामद की गई जिसकी कीमत ५० से ६० हजार के आसपास आंकी गई है। दुकानदार के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रें के अनुसार आरपीएफ इंस्पेक्टर य'ांवत सिंह ने बताया कि दो अगस्त को रेलवे का सामान चोरी करने वाले एक चोर को पकड़ा गया था जिसकी नि'ाानदेही पर छापा मारा गया। गुरुवार दिनांक ०६.०८.२०२० को छापे के दौरान आलमबाग रेलवे स्टोर की निरीक्षक शिखा मलिक भी मौके पर मौजूद थीं।

## दपूम रेलवे में १८ सितम्बर को ऑल इंडिया पेन्शन अदालत का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार ऑल इंडिया पेन्शन अदालत का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय सहित बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर रेल मंडलों में १८ सितम्बर, २०२० को किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जो रेल कर्मचारी जिस रेल मंडल से सेवानिवश हुए है वो सेवानिवश कर्मचारी उसी रेल मंडल में पेन्शन अदालत-२०२० में भाग लेने के लिए उसी रेल में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर रेल मंडलों के समस्त सेवानिव'त्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वे इस हेतु अपने आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ दिनांक ३१ अगस्त २०२० (सोमवार) तक या इससे पूर्व मुख्यालय में महाप्रबंधक कार्यालय, कार्मिक विभाग दपूम रेलवे बिलासपुर एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंन्शन अदालत) दपूम रेलवे बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।


## उत्तर रेलवे केन्द्रिय अस्पताल में दान किया गया पहला प्लाजमा

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। आज दुनिया एक वैश्विक संकट और सबसे बडी चुनौती कोरोना महामारी का सामना कर रही है । दुनिया में अभी तक ऐसा कोई भी कारगार ईलाज नहीं आया है जिससे इस महामारी पर काबू किया जा सके। कोरोना के खिलाफ प्लाजमा थैरेपी को एक संभावित उपचार के रूप में देखा जा रहा है। प्लाजमा थैरेपी की दिशा में बढते हुए उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल, नई दिल्ली में ०४ अगस्त, २०२० को पहला प्लाजमा दान किया गया। दानकर्ता एक कोरोना योद्धा और पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल छात्र था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के अनुसार प्लाजमा प्रक्रिया को अपनाकर उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। केन्द्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा निदेशक डा. एम.बी. शंखवार ने स्वैच्छिक रूप से प्लाजमा दान करने वाले व्यक्ति को धन्यवाद दिया ।

## नहीं होगा इस बार दधिकांदो मेला

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इस बार दाधिकांदो मेले का आयोजन नहीं किया जाएगा। मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दधिकांदो मेले में दल निकलता है तो बहुत भीड़ भगवान के दर्शन को उमड़ती है ऐसे में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराना मुश्किल रहेगा। मेला कमेटियों ने इस बार मेले का आयोजन न करने का निर्णय लिया है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे पर दिया जायेगा जोर-मनोज सिन्हा



रे.स.ब्यू./सूत्र। जम्मू-कश्मीर का नया उपराज्यपाल पूर्व रेल राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वस्त मनोज सिन्हा को बनाया गया है। दिनांक ०७.०८.२०२० को उन्होने उप-राज्यपाल पद की शपथ ली। जम्मू-कश्मीर की मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल ने सादे सामारोह में उन्हे शपथ दिलाई। इसके तत्काल बाद मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे पर जोर दिया जायेगा और जल्द जनता से सीधा संवाद स्थापित होगा, इस नियुक्ति को राजनीतिक गलियारों में अलग नजरिये से देखा जा रहा है। दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ राजनेता मनोज सिन्हा को उपराज्यपाल लगाने के पीछे पीएम मोदी की मंशा है कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक समाधान की एक नई राह खोजी जाए। खास बात है कि पूर्व रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल की जिम्मेदारी ठीक अनुच्छेद ३७० हटाने के एक साल बाद दी गई है।

## कोरोना पर लखनऊ समेत २१ जिलों के डीएम से जवाब तलब

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में टेलीफोन बंद होने, रिसीवश्न होने को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गंभीरता से लिया है। इसमें कानपुर व लखनऊ समेत २१ जिले शामिल हैं। इन जिलों के अधिकारियों से पूछा गया है कि क्यों न आपके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए। सभी जिलाधिकारियों से कहा गया है कि इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में सक्षम नोडल अधिकारियों तैनाती व उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में टेलीफोन दुरुस्त रहें। साथ ही कमांड सेंटर से कोविड-१६ के मरीजों व होम आइसोलेशन वालों से संवाद कर सहयोग किया जाए। इसके अलावा कमांड सेंटर में गड़बड़ियों को देखते हुए जिलों के डीएम से तीन दिन में जवाब-तलब किया गया है।

नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय की जांच के बाद एक आदेश सभी जिलों को भेजा गया है।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

## यूपी में ब्राह्मणों को रिझाने की लड़ाई हुई तेज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भले ही यूपी में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं लेकिन ब्राह्मण वोट बैंक को खींचने की जंग सभी राजनीतिक दलों में तेज हो गई है। विकास दुबे एनकाउण्टर के बाद तो मानो होड़ सी लग गई है। मायावती ने ब्राह्मणों को लेकर मची खींचतान को रविवार दिनांक ०६.०८.२०२० को और हवा दे दी। उन्होने कहा कि उनकी सरकार आई तो सपा से ज्यादा भव्य भगवान 'श्री परशुराम' की मूर्ति और अस्पताल बनवाएंगे वहीं दूसरी ओर भाजपा भी अपने ब्राह्मण नेताओं के जरिये डैमेज कंट्रोल में जुटी है। दूसरी ओर सपा अब तक लखनऊ में १०८ फुट ऊंची और हर जिले में परशुराम व मंगल पाण्डेय की प्रतिमा लगाने की घो''णा कर चुकी है। सपा नेताओं ने कहा कि सपा सरकार में परशुराम जयंती पर छुट्टी घोषित की गई थी, जिसे भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया।

## पूर्व मध्य रेल के ०५ स्टेशनों पर मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधा

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। यात्रियों को जल्द ही स्टेशनों पर उच्चकोटि की सुविधा मिलने लगेंगी। रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है। पूर्व मध्य रेल के राजेन्द्र नगर टर्मिनल, मुजफ्फरपुर, गया, बेगूसराय एवं सिंगरौली सहित कुल ०५ स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्री सुविधा मुहैया करायी जाएगी। रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आर.एल.डी.ए.) द्वारा स्टेशनों के पुनर्विकास से जुड़ेये कार्य पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप) मोड पर पूरे किए जाएंगे। रेलवे के इस कदम से यात्री सुविधा के विकास में काफी गति आएगी। विदित हो कि रेल भूमि विकास प्राधिकरण रेलमंत्रालय के अधीन एक सांविधिक प्राधिकरण (Statutory Authority) है । स्टेशनों को विश्वस्तरीय रूप देते हुए स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जि करते हुए स्टेशनों को ग्रीन बिल्डिंग का रूप दिया जाएगा जहां वेंटिलेशन आदि की पर्याप्त व्यवस्था होगी।

## बाढ़ संभावित इलाकों का एनडीआरएफ टीम ने किया दौरा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। टीम गंगा और यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सक्रिय हो गई है। टीम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया वहीं आम लोगों को जागरूक भी किया। एनडीआरएफ की टीम गुरुवार दिनांक ०६.०८.२०२० को दारागंज, नागवासुकि, छोटा बघाड़ा, बघाड़ा, सलोरी, रसूलाबाद आदि क्षेत्रों में गई। इस इलाके में बन रहे राहत शिविरों का टीम ने निरीक्षण किया। टीम के साथ टीम कमांडर जगदीश राणा, कुलदीप नारायण पांडेय, लेखपाल सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे। लोगों को जागरूक करने के साथ ही साथ टीम ने लोगों को बताया कि अभी से अपना सामान कैसे तैयार करना है और बाढ़ आने के बाद क्या-क्या जरूरी कदम उठाने हैं और महामारी से भी कैसे बचना है।

## कोरोना के कारण शहर के कई रेस्तरां हुए बंद

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बीच शहर के कई बड़े रेस्तरां कोरोना के बढ़ते संक्रमण से बंद हो गए। लॉकडाउन और फिर अनलॉक के कड़े नियमों के बाद बड़ते संक्रमण के कारण लोग घरों से निकलकर रेस्टोरेंट नहीं जा रहे हैं। आने वाले समय में अगर यही हाल रहा तो कई और रेस्टोरेंट बंद हो सकते हैं। रेस्तरां के संचालकों का कहना है कि वह किराया समेत अन्य खर्च भी नहीं निकाल पा रहे हैं जिससे रेस्टोरेंट बंद करना पड़ा। बतादें कि बंद होने वाले रेस्तरां में कई बड़े नाम शामिल हैं। इनमें दिल्ली गलियारा, बारकोस, मोती महल डीलक्स, ओल्ड स्कूल कैफे आदि बड़े नाम हैं। अनलॉक में यह रेस्टोरेंट खुले जरूर लेकिन कोरोना के चलते ग्राहकों की कम संख्या को देखते हुए इन्हें संचालकों ने बंद कर दिया। रेस्तरां बंद करने का प्रमुख कारण बारकोस रेस्टोरेंट के मैनेजर ने बताया कि किराया और बिजली का बिल था। बारकोस दिल्ली की बड़ी फूड चेन कंपनी है।

## रामबाग-मंडुवाडीह के मध्य १२० की रफ्तार से ट्रेन चलाने की तैयारी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मंडुवाडीह से प्रयागराज जंक्शन तक रेलवे के मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त शैलेश कुमार पाठक ने विंडो ट्रेलिंग की। उन्होंने इस दौरान स्पीड ट्रायल भी लिया ट्रायल के दौरान संबंधित रूट पर १२० किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाई गई। पूर्वोत्तर रेलवे के तमाम आला अफसर भी उनके साथ प्रयागराज आए। दरअसल, रेल पटरी दोहरीकरण का कार्य प्रयागराज रामबाग स्टेशन से मंडुवाडीह तक रेलवे द्वारा किया जा रहा है। पिछले वर्ष ही रेलवे ने इस रूट पर विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया था। दिनांक ०३.०८.२०२० को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने मंडुवाडीह-प्रयागराज जंक्शन के बीच पड़ने वाले एवं ब्रिज, विद्युत पोल, आदि को भी देखा। इस दौरान उनके साथ एडीआरएम एसपीएस यादव, सीनियर डीओएम रोहित गुप्ता एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वरिष्ठ जेल अधीक्षक की पत्नी समेत पांच कोरोना संक्रमित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण से दूर रहे जेल के अधिकारियों एवं उनके परिवार वाले भी अब कोरोना के जद मे आने लगे है शुक्रवार दिनांक ०७.०८.२०२० को वरिष्ठ जेल अधीक्षक की पत्नी, जेल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक व पुरानी महिला बैरक में क्वारंटीन किए गए तीन विचाराधीन बंदियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाई गई। जिससे हड़कंप मच गया है। रक्षाबंधन के दिन वरिष्ठ जेल अधीक्षक की पत्नी और उनकी दोनों बेटियां उनसे मिलने लखनऊ से नैनी सेंट्रल जेल स्थित उनके आवास पर आई थी। एहतियातन वरिष्ठ जेल अधीक्षक, उनकी पत्नी एवं दोनों बेटियों ने कोरोना चेकअप कराया था।

जिसमें उनकी पत्नी की रिपोर्ट पाजिटिव आ गई थी । इसी क्रम में जेल अस्पताल के एक चिकित्साधिकारी भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उनके अलावा पुरानी महिला बैरक में रखे गए तीन विचाराधीन बंदियों की रिपोर्ट भी पाजिटिव आई है।

## कोविड १६- मानदेय रुकने से हनुमत निकेतन के पुजारी पहुचे भुखमरी के कगार पर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमण काल में शहर के सिविल लाइंस स्थित प्रतिष्ठित हनुमत निकेतन मंदिर में पुजारियों, कर्मचारियों का मानदेय रोक दिया गया है। जिससे पुजारियों समेत दर्जनों कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। हनुमत निकेतन के सचिव व प्रबंधक सच्चिदानंद मिश्र ने यह आरोप दिनांक ०७.०८.२०२० को लगाया। पत्रकारों से बातचीत में मंदिर की योगशाला में दोपहर बाद उन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष बद्री विशाल टंडन और कोषाध्यक्ष न्यायमूर्ति राजेश कुमार पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि मानदेय न मिलने के साथ ही भंडारा भी बंद कर दिया गया है।

# आत्म निर्भर भारत मिशन के लिए तैयार भारतीय रेल

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय रेल के साथ ही भारत सरकार की खरीद प्रक्रिया में मेक इन इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बैठक के दौरान, पीयूष गोयल ने भारतीय रेल से भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी खरीद का वातावरण विकसित करके उद्योग में भरोसा पैदा करने से लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया। खरीद प्रक्रिया में मेक इन इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन देने से जुड़े कदमों की समीक्षा करते हुए खरीद की प्रक्रिया में स्थानीय वेंडर्स की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दिशा में भारतीय रेल के प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए डीपीआईआईटी के सक्रिय सहयोग की मांग की गई, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयुक्त नीतिगत बदलाव किए जा सकें। इस अवसर पर सदस्य (सामग्री प्रबंधन), रेलवे द्वारा मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन और जीईएम के माध्यम से खरीद के लिए उठाए जा रहे कदमों पर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। समीक्षा बैठक में रेल राज्य मंत्री सुरेश सी अंगडी, रेलवे बोर्ड के सदस्य, सीईओ/जीईएम और डीपीआईआईटी, वाणिज्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



# सुनील गुप्ता बने आरआरबी के सहायक सचिव

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी रहे सुनील गुप्ता ने शुक्रवार दिनांक १७.०७.२०२० को रेलवे भर्ती बोर्ड प्रयागराज में सहायक सचिव का पद संभाल लिया है। उधर प्रयागराज मंडल में राजभाषा अधिकारी केशव त्रिपाठी को नए पीआरओ की नियुक्ति होने तक यह दायित्व दिया गया है।

# एक दिन में यूपी में सर्वाधिक कोरोना मरीज मिलने का टूटा रिकॉर्ड

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। यूपी में एक दिन में सर्वाधिक कोरोना मरीजों के मिलने का रिकॉर्ड टूट गया। सोमवार दिनांक २७.०७.२०२० को प्रदेश में ३५७८ नए कोरोना के मामले पाए गए। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद का कहना है कि प्रदेश में पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज किए मरीजों की संख्या ४२,८३३ हो गई है वहीं अब तक १४५६ संक्रमितों की मुत्यु हो चुकी है। जिसके बाद प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या २६२०४ हो गई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में रविवार को अब तक सर्वाधिक १०६६६२ सैंपल्स की जांच की गई। अब तक किसी भी प्रदेश में एक दिन में इतने टेस्ट नहीं किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मरीजों की संख्या में वृद्धि की वजह जांच में आई तेजी है।

# प्रदेश में बढ़ते संक्रमण पर मुख्यमंत्री योगी सख्त

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। अनलॉक व्यवस्था पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दिनांक २५.०७.२०२० को अपने सरकारी आवास पर कहा कि रैपिड एंटीजन टेस्ट की संख्या को बढ़ाकर एक लाख टेस्ट प्रतिदिन किए जाएं, इसके साथ उन्होंने टेस्टिंग क्षमता विकसित करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि समीक्षा बैठक मेडिकल क,लेज या स्वास्थ्य केंद्र में की जाए और समीक्षा बैठकों की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को शनिवार को ही कानपुर नगर और झांसी एवं रविवार को प्रयागराज और मिर्जापुर मंडलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की मौके पर समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-१६ के उपचार की व्यवस्थाओं को सुष्ढ़ बनाने के लिए कार्यो का नियोजन किया जाए और प्रत्येक उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होने निर्देश दिया कि संबंधित मंडलायुक्त अपने मंडल के प्रत्येक जिले में इस कार्ययोजना को लागू करें।



# इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर की कोरोना से हुई मौत

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना संक्रमित इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई, एसआरएन अस्पताल के कोविड आईसीयू में वह भर्ती था। बतादें कि शिवकुटी का रहने वाला ३७ वर्षीय युवक एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर था। डॉक्टरों के मुताबिक युवक का वजन काफी अधिक था और वह सुगर का मरीज भी था। २५ जुलाई को उसकी जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। कोरोना वार्ड के नोडल डॉ. सुजीत वर्मा के मुताबिक उसकी हालत गंभीर थी।

# आईआरसीटीसी और एसबीआई कार्ड ने रुपे प्लेटफॉर्म पर सह-ब्रांडेड संपर्क रहित क्रेडिट कार्ड किया लॉन्च

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के 'आत्म-निर्भर भारत डिजिटल इंडिया और 'मेक इन इंडिया' के सपने को साकार करने और 'आत्म-निर्भर भारत के लिए बड़ी आत्म-निर्भरता हासिल करने और पूरी दुनिया के साथ मजबूती के साथ जुडने के माननीय रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मिशन को पूरा करने की दिशा में एक और पहल करते हुए आईआरसीटीसी और एसबीआई कार्ड ने मिलकर रुपे प्लेटफार्म पर अपना नया सह-ब्रांडेड संपर्क रहित क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया। इस नये क्रेडिट कार्ड को दिनांक २८.०७.२०२० को रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम रेलवे को 'मेक इन इंडिया पहल के साथ सभी क्षेत्रों में आत्म-निर्भर बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं जैसा कि प्रधानमंत्री का सपना है। उन्होंने कहा कि रुपे प्लेटफार्म पर काम करने वाला आईआर-सीटीसी एसबीआई सह-ब्रांडेड कार्ड रेलवे द्वारा की गई कई 'मेक इन इंडिया गतिविधियों में से एक है। नए सह–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड 'डिजिटल इंडिया की पहल को बढ़ावा देने के लिए आईआर-सीटीसी, एसबीआई कार्ड और रूपे की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और इसका उद्देश्य रेल यात्रियों के लिए सुविधाजनक और बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है।

# मालगाड़ी संचालन के लिए डीएफसी ट्रैक समय से पूरा करने की कोशिश तेज

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का काम समय से पूरा करने की कोशिश हो रही है। बता दें की यह ट्रैक मालगाड़ी संचालन के लिए बन रहा है सोशल मीडिया पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वीके यादव ने मंगलवार दिनांक २८.०७.२०२० को लोगों के सवालों का जवाब देते हुए ये बात कही। चीनी कंपनी का ठेका बर्खास्त किए जाने के सवाल पर चेयरमैन ने कहा कि काम बाधित हुआ है। काम पूरा करने की कोशिश फिर भी २०२१ के अंत तक हो रही है। कानपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच डीएफसी के ट्रैक पर सिगनलिंग का काम चीनी कंपनी के हटाए जाने से ठप पड़ा है। डीएफसी इसके लिए अब नई कंपनी को ठेका देगा।

सूत्रों के अनुसार अधिकारियों का कहना है कि काम शुरू करने में नई कंपनी को छह महीने का समय लग सकता है।

ठेका रद्द होने के बाद चीनी कंपनी ने प्रयागराज समेत कई जगह अपने कार्यालय बंद कर दिए हैं।

# अनलॉक-३: खुलेगा जिम, हटा नाइट कर्फ्यू

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। अनलॉक ३ के लिए केंद्र सरकार ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके तहत पांच अगस्त से योगा और जिम इंस्टीट्यूट्स को खोलने की इजाजत दी गई है। वहीं रात के कर्फ्यू को भी हटा दिया गया है। जबकि कंटेनमेंट जोन में अभी भी लॉकडाउन लागू रहेगा। दिनांक २६.०७.२०२० बुधवार को गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार, देश में कॉलेज, स्कूलों और मेट्रो को अभी बंद रखा गया है। ये सभी अनलॉक ३ में नहीं खोले जा सकेंगे।

इसके अलावा सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल, एंटरटेनमेंट पार्क, थिएटर्स, बार और ऑडिटोरियम को भी बंद रखा गया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए कंटेनमेंट जोन में ३१ अगस्त तक के लिए लॉकडाउन को बढ़ाया है।


वहीं सरकार ने कहा है अनलॉक ३ में सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य प्रोटोकॉल्स का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रमों की इजाजत दी जाती है।

# लंबे समय से तैनात बाबुओं की बदलेगी कुर्सियां

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। लंबे समय से एक कुर्सी वाले बाबुओं का रिकॉर्ड शासन ने तलब किया है। वहीं डीआईओएस कार्यालय में कई बाबू लंबे समय से जमे हैं। अब इन बाबुओं की कुर्सी बदलने की तैयारी है। बता दें कि डीआईओएस कार्यालय में १२ बाबू तैनात हैं। इसमें पांच बाबू लंबे समय से एक कुर्सी पर कार्य कर रहे हैं। इन बाबुओं का कोई भी अधिकारी पटल नहीं बदल सका। इसी प्रकार प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक पटल भी बाबू लंबे समय से जमे हैं। अब शासन के स्तर से बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

# "हेड ऑन जनरेशन" प्रणाली में बदले गए २२११ एलएचबी डिब्बे

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रेलवे एलएचबी डिब्बोंह को घरेलु स्तार पर "हेड ऑन जनरेशन" प्रणाली में तब्दी ल कर रही है । महाप्रबंधक उत्तर एवं उत्तर-मध्य रेलवे राजीव चौधरी ने बताया कि उत्तर रेलवे पर चल रहे २२३१ एलएचबी डिब्बों में से २२११ डिब्बों को "हेड ऑन जनरेशन" प्रणाली में बदला गया है।



ये डिब्बे शताब्दी, राज- धानी, हमसफर और एसी स्पेशल रेलगाडियों में सफलतापूर्वक चल रहे हैं।

इससे रेलवे को ६२.५ करोड़ रुपए मूल्यब के १.३ करोड़ लीटर डीजल की बचत हुई है। वहीं भारतीय रेलवे की कई प्रीमियम और मेल/ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में एलएचबी डिब्बे इस्तेमाल किये जा रहे हैं। इन्टीग्रल कोच फैक्ट्री के परंपरागत डिब्बों से अलग ये एलएचबी कोच वातानुकूलन, बिजली, पंखे, चार्जिंग प्वाइंट्स और रसोई यान में लगने वाली बिजली, जिसे सामूहिक रूप से होटल लोड कहा जाता है की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। इस उद्देश्य के लिए रैक के दोनों सिरों पर प्रायः लगाये जाने वाले पावर कार में जनरेटर का इस्तेमाल "एण्ड ऑन जनरेशन" प्रणाली के रूप में किया जाता है।

भारतीय रेलवे रेल डिब्बों में बिजली की आपूर्ति के लिए "हेड ऑन जनरेशन" प्रणाली को अपना रही है।

इस प्रणाली में रेलगाड़ी के होटल लोड के लिए पावर कार की बजाय बिजली की आपूर्ति विद्युत लोकोमोटिव से की जाती है।

# ट्रैक के किनारे दीवारों का निर्माण कार्य शुरू

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई मार्ग पर उत्तर मध्य रेलवे की ओर से ट्रैक के किनारे दीवारों के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। मंगलवार दिनांक ११.०८.२०२० को ट्रेनों की स्पीड से संबन्धित कार्यों की समीक्षा के क्रम में दीवार निर्माण पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने चर्चा की। उन्होने बताया कि एनसीआर अनुपयोगी और उपयोग के बाद निकले प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपरों से बाउंड्रीवाल निर्माण करा रहा है।

इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि आगरा मंडल में आगरा-मथुरा खंड में ५०० मीटर की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य हो चुका है। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने बताया कि नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई के मध्य १६० किमी प्रति घंटे तक की गति पर ट्रेन चलाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बाउंड्रीवाल का निर्माण भी इसी का हिस्सा है।

# आर.डी.एस.ओ. मे वर्चुअल वैंडर मीट-२०२० का आयोजन





रे.स.ब्यू रो./संवा.नई दिल्ली। देश के उत्तरी भागों में स्थित उद्योगों के हितार्थ ११ अगस्त, २०२० को भारतीय रेलवे के रिसर्च विंग आर.डी.एस.ओ. ने एक वर्चुअल वैंडर मीट का आयोजन किया।

इस मीट को उद्योग जगत और इसमें शामिल हुए १५० से अधिक प्रतिनिधियों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली। वैब प्लेटफॉर्म की बाध्यता के चलते अनेक अन्य लोगों को भी ऐसी ही आगामी बैठकों में भाग लेने का सुझाव दिया गया।

आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, वीरेन्द्र कुमार और विशेष महानिदेशक (वैंडर डेवलैपमेंट) ए.के. पांडे की ओर से किए गए प्रयासों के अंतर्गत, देश के सभी उद्योगों को क्षेत्रवार शामिल करने के लिए वैंडर मीट का कार्यक्रम बनाया गया है। वर्चुअल वैंडर मीट को सम्बोधित करते हुए आरडीएसओ के विशेष महानिदेशक (वैंडर डेवलैपमेंट) ए.के. पांडे ने कहा कि अनुमोदन प्रक्रिया को सरल करने और अनुसंधान को बेहतर बनाने के लिए आर.डी.एस.ओ. ने अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं ।

लोकेश सिंह, कार्यकारी निदेशक, क्वालिटी एशोरेंस (मैकेनिकल) और पराग कुमार गोयल, कार्यकारी निदेशक, क्वीलिटी एशोरेंस (संकेत एवं दूरसंचार), नई दिल्ली ने आरडीएसओ की ऑनलाइन वैंडर अनुमोदन प्रक्रिया और व्यापार करने में सुगमता बढ़ाने के लिए किए गए उपायों का विस्तृत प्रेज़ेंटेशन दिया।

# विमान हादसे से केरल में १८ लोगों की मौत



रे.स.ब्यू./सूत्र।एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग करने के दौरान केरल के कोझिकोड में करीपुर एयरपोर्ट पर फिसल कर खाई में गिर गया। दिनांक ०७.०८.२०२० को हुआ हादसा इतना भयानक था कि विमान दो हिस्सों में बंट गया। जिसमें पायलट सहित १८ लोगों की मौत हो गई। बतादें कि विमान में १६१ यात्री सवार थे। वहीं विदेश राज्य मंत्री वी मुरली-धरन घटना स्थल पर पहुंच गए थे । सभी यात्रियों को सहायता प्रदान करने के लिए दिल्ली और मुंबई से दो विशेष राहत उड़ानों की व्यवस्था की गई थी। वहीं दूसरी ओर नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि १२७ लोग अस्पताल में हैं और अन्य को छुट्टी दे दी गई है। राहत और बचाव कार्य पूरा हो चुका है।

# अब बंगले पर नहीं मिलेंगे रेलवे अधिकारियों को चपरासी

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। वरिष्ठ अधिकारियों के आवासों पर टेलीफोन अटेंडेंट-कम-डाक खलसिस (टीएडीके) के रूप में तैनात किए जाने वाला बंगला चपरासी को देने के अभ्यास को भारतीय रेलवे ने समाप्त करने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड द्वारा यह घोषणा गुरुवार दिनांक ०६.०८.२०२० को एक आदेश में की गई, आदेश में कहा गया कि पद के लिए कोई नई नियुक्ति तत्काल प्रभाव से शुरू नहीं की जाएगी और यह मामला रेलवे बोर्ड की समीक्षा के अधीन है। इसके अलावा, १ जुलाई २०२० से ऐसी नियुक्तियों के लिए अनुमोदित सभी मामलों की समीक्षा की जा सकती है। सभी रेलवे प्रतिष्ठानों में इसका कड़ाई से अनुपालन किया जा सकता है।

# कोरोनाः अगस्त में आए दुनिया में सबसे ज्यादा मामले भारत में

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। देश में कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण से सरकार के साथ-साथ देशवासियो की भी चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार दिनांक ०७.०८.२०२० को पहली बार ६० हजार से ज्यादा मामले सामने आए और जिसमें ८८६ मरीजों की मौत भी हुई। सरकारी आंकड़ो के मुताबिक बता दें कि अभी कोरोना के मामलों की कुल संख्या देश में २० लाख २७ हजार से ज्यादा हैं।

आंकड़ों के मुताबिक अगस्त के महीने में भारत में सबसे ज्यादा नए मामले दर्ज किए गए हैं। इस मामले में भारत ने अमेरिका और ब्राजील को भी पीछे छोड़ दिया है। जबकि मौत के मामले में अब भी भारत तीसरे नंबर पर ही है। दो-तीन और पांच - छह अगस्त को दुनिया में सबसे ज्यादा नए मामले भारत में ही दर्ज हुए।

# यूपीएससी के चेयरमैन बने प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रोफेसर (डॉ.) प्रदीप कुमार जोशी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के चेयरमैन के रूप में दिनांक ०७.०८.२०२० को पद और गोपनीयता की शपथ ली। वह वर्तमान में संघ लोक सेवा आयोग में सदस्य के रूप कार्यरत थे। उन्हें आयोग के निवर्तमान चेयरमैन अरविंद सक्सेना द्वारा शपथ दिलाई गई।

प्रो. (डॉ.) जोशी १२.०५.२०१५ को सदस्य के रूप में आयोग से जुड़े थे। आयोग से जुड़ने से पहले वह छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के चेयरमैन भी रहे थे।

उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (एनआईईपीए) के निदेशक के रूप में भी सेवाएं दी हैं।

अपने शानदार शैक्षणिक कैरियर में प्रो. (डॉ.) जोशी ने २८ वर्ष से ज्यादा समय तक स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाया और विभिन्न नीति निर्माता,शैक्षिक और प्रशासनिक संगठनों में कई अहम पदों पर रहे।

# अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने किया रेल कर्मचारियों के लिए ई-पास मॉड्यूल का शुभारंभ



रेल कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन ई-पास बनाने और टिकट बुकिंग के लिए सीआरआईएस द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) परियोजना के तहत विकसित किये गये ई-पास म ड्यूल का रेलवे बोर्ड के अध्यरक्ष ने दिनांक १३.०८.२०२० को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्याम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सभी सदस्य, आईआरसीटीसी के अध्ययक्ष सह-प्रबंध निदेशक तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस मॉड्यूल से कर्मचारी कहीं से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और ई-पास ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। ई-पास के लिए आवेदन और इसे प्राप्तं करने की पूरी प्रक्रिया मोबाइल पर उपलब्ध रहेगी। एचआरएमएस परियोजना भारतीय रेलवे की पूर्ण मानव संसाधन प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की एक व्यापक योजना है। एचआरएमएस में कुल २१ मॉड्यूल की योजना बनाई गई है। लगभग ६७ प्रतिशत रेलवे कर्मचारियों की बेसिक डेटा एंट्री एचआरएमएस के कर्मचारी मास्टर और ई-सर्विस रिकॉर्ड मॉड्यूल में पूरी हो चुकी है, जिसे पिछले साल लॉन्च किया गया था।

# सैम्पलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने को नोडल अधिकारी ने दिए निर्देश



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ०प्र० शासन सुधीर गर्ग ने सोमवार दिनांक १०.०८.२०२० को संगम सभागार में कोविड-१६ की समीक्षा बैठक की। उन्होंने समीक्षा के दौरान सैम्पलिंग की प्रगति की जानकारी ली। उन्होने कहा कि मोबाइल टीमों के द्वारा कस्बों में भी रैण्डम जांच करायी जाय तथा जो भी मरीज अस्पतालों में एडमिट किये गये है, उनकी अच्छी तरह देखभाल करने के साथ ही अच्छी से अच्छी व्यवस्था सुलभ करायी जाये। मेडिकल टीमों को निर्देशित करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि आप जितनी जल्दी एटेंड करेंगे, उतनी ही जल्दी इलाज की प्रक्रिया में लाया जा सकेगा, जिससे कि दूसरा व्यक्ति प्रभावित नहीं होगा। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी जी०एस० वाजपेयी के अलावा सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भारतीय स्टेट बैंक, बाई का बाग शाखा में ७४वां स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। भारतीय स्टेट बैंक, बाई का बाग शाखा परिसर में ७४वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा रोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सदस्य रेल सलाहकार समिति ने झंडा फहराया। इसके पूर्व शाखा प्रबंधक अविनाश शुक्ल एवं अन्य शाखा के स्टाफ ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रगान के पश्चात मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ३० वर्षो से अधिक से खाता धारक हैं और वो बाई का बाग शाखा के ग्राहक नहीं हैं परन्तु इस शाखा से ही अपनी सभी अवश्यक सेवाओं को प्राप्त करते हैं जिसके लिये वो इस शाखा में कार्यरत हर व्यक्ति के आभारी हैं। कार्यक्रम के अंत में राजीव पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मनाया गया ७४वां स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७४वां स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा व परंपरा के अनुसार दिनांक १५ अगस्त २०२० को मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक द्वारा मुख्य सुरक्षा आयुक्त अभिय नन्दन सिन्हा की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेन्स एवं सेन्टजांस एम्बुलेंस के द्वारा तैयार किये गये आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गौतम बनर्जी ने कहा कि हम सभी देशवासियों के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवशाली दिन है जब हमारा देश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रुप में विश्व के मानचित्र पर उभरा था। आज का दिन उन सभी अमर शहीदों एवं अनाम देशभक्तों को याद करने का दिन है जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। देश के अमर शहीदों के बलिदानों के फलस्वरुप हम सभी आज स्वतंत्र भारत के आजाद माहौल में अपना जीवन व्यतीत कर रहें है। अन्त में उन्होनें रेल कर्मचारियों, उनके परिवार एवं उपस्थित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्वक सभी मंडलो, फील्ड कार्यालयो एवं वर्कशापों में मनाया गया ।


# आजादी मेरा अभिमान के तहत स्वतंत्रता सेनानी हुए सम्मानित

रे.स.ब्यू./सूत्र. मंझनपुर। आजादी मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार दिनांक ११.०८.२०२० को आजादी मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घर जाकर उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घर जाकर यूथ कांग्रेस कौशांबी ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि प्रताप त्रिपाठी ने बताया की युवक कांग्रेस की तरफ से एक अभियान चलाया जा रहा है।


कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीसीसी सदस्य राजेंद्र भाटी, नागेश त्रिपाठी, कौसलेस द्विवेदी, प्रांशु केसरवानी, मारकंडेय, राधे श्याम त्रिपाठी, ठाकुर दुर्गेश सिंह, लाल मणि त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# New Principal CMD for Southern Railway



RSB/Chennai: Dr M. Ravikumar, has taken over as the new Principal Chief Medical Director, Southern Railway vice Dr Bishnu Prasad Nanda, who has joined Railway Board on promotion as Director General, Health Services, New Delhi. Dr M.Ravi kumar, MS (Ortho) belongs to 1984 Batch of Indian Railway Medical Services. He was instrumental in many medical developments in Southern Railway including that of designing and modifying the Orthopaedic Operation theatre at Railway Hospital, Perambur to State of the Art modern Standards. For his work and contribution to the field of medicine in Orthopedics, he was awarded the "Best Doctor" Award by the Vice Chancellor of Dr MGR Medical University in 2013. He had earlier worked as Medical Director (Admin) in Railway Hospital, Perambur, Chennai before he was posted to East Central Railway as Principal Chief Medical Director.

# संगमनगरी में मची श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम



रे.स.ब्यूरो./संवा.संगमनगरी में घरों और मंदिरों में जन्माष्टमी का पर्व आकर्षक ढंग से सजावट कर धूमधाम से मनाया गया। तिथियों में फेर में जन्माष्टमी इस बार दो दिन मनाई गई। बच्चों का कान्हा के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। तरह-तरह की झांकी सजाई गई। पूरा माहौल जन्माष्टमी के चलते कृष्ण मय रहा। बच्चों ने पेंटिंग्स बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया। घंटे, घड़ियाल के साथ आरती हुई और महिलाओं ने सोहर गान किया। कान्हा के रूप में सजे बच्चों ने सबका मन मोह लिया।

# धूमधाम से मनाया गया आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली मे ७४वां स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली मे ७४वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक वी.एम. श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कोविड-१६ के वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेसिंग के साथ वरिष्ठ अधिकारीगण ही उपस्थित रहे। अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को देखने के लिए डिजिटल माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि आरेडिका के लिए वर्ष २०१६-२० उपलब्धियों से भरा रहा है। वित्तीय वर्ष २०१६-२० में दिनांक २२ मार्च २०२० से राष्ट्रीय लॉकडाउन होने के बावजूद १६३० कोचों का निर्माण किया गया जो वर्ष २०१८-१६ में १४२५ कोचों की तुलना में ३५.४ प्रतिशत अधिक रहा है। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार ने आयुक्त कार्यालय परिसर में किया झण्डारोहण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय परिसर में झण्डारोहण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य लोगो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण है। बहुत ही संघर्ष, त्याग एवं बलिदान के बाद आजादी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों एवं वीर बलिदानियों ने जो सपना देखा था, उसको साकार करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी लोग कोविड-१६ के संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाये, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें तथा इस सम्बंध में निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन भगवान शरण तथा आयुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# देश को आजादी दिलाने में अनगिनत लोगों ने दी प्राणों की आहुति-जिलाधिकारी प्रयागराज



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी ने शनिवार दिनांक १५.०८.२०२० को कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया तथा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हम सब के लिए प्रसन्नता का अवसर है। उन्होने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अनगिनत लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। हम सभी उनके सपनों को साकार करने के लिए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वो का निष्ठा एवं इमानदारी से निर्वहन करें यही अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक १५.०८.२०२० को महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्त्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुशांत झा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एस. मयंक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि आज पूरा विश्व कोविड-१६ के महामारी के दौर से गुजर रहा है जिससे बचने का एकमात्र उपाय स्वयं का बचाव करना है ।

ऐसे में हमारे समाने एक गंभीर चुनौती थी कि कैसे जीवन का पहिया के साथ-साथ रेल का पहिया भी चलता रहे। मुझे गर्व है हमारे रेलकर्मियों पर जिन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया और कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के साथ ही रेल का पहिया निरंतर चलता रहे इस हेतु कई कदम उठाए ।

# सादगी के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। ७४ वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कोरोना काल में सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर शहर के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों की ओर से घरों और कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।

विभिन्न संगाठों ओर से पूर्व सैनिकों ने अपने-अपने घरों में ध्वजारोहण किया। इस कड़ी में महिला अधिकार संगठन की ओर से खुसरोबाग में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

इनरव्हील क्लब ईस्ट की ओर से मूक बधिर विद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। बलुवाघाट में जूही जायसवाल ने समाजिक संस्था संजीवनी की ओर से पौधरोपण भी किया गया। जागृति समिति की ओर से अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्त, जेपी तिवारी ने ध्वजारोहण किया। लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी।



मण्डल रेल प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे आगरा सुशील कुमार श्रीवास्तव ७४वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए

# एनडीआरएफ की टीम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। एनडीआरएफ की टीम जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देशन में बाढ़ संभावित इलाकों का दौरा कर रही है एवं बाढ़ सुरक्षा इंतजामों का जायजा ले रही है। इसी कड़ी में एनडीआरएफ की टीम ने हंडिया तहसील के बाढ़ संभावित क्षेत्रें का निरीक्षण किया। तहसील के अधिकारियों के साथ टीम कमांडर जगदीश राणा निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक मारकंडे यादव और उनकी टीम ने हंडिया तहसील के गनेसिपुरा, झलैयाकपुरा, हरिहरपुर, इंद्रवार और बड़ौली आदि क्षेत्रें का निरीक्षण किया। टीम में रेस्क्यूर सौरव सरोज, सतिंदर और चन्द्रभान शुक्ला मौजूद रहे।

## किसानों को संपन्न बनाने की दिशा में एक कदम है किसान रेल - पीयूष गोयल



प.सू.का/नई दिल्ली। देवलाली से पहली "किसान रेल" का भारतीय रेल ने दिनांक ०७.०८.२०२० को शुभारम्भ किया, जो देवलाली से दानापुर तक चलेगी। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगदी, पंचायती राज, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री पुरुषोत्तम खोदाभाई रूपाला, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७६३९५६०४४ ९९५१८०४७८८, ९९३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

## ७४ वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



प.सू.का/ नई दिल्ली केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। ७४वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संदेश में अमित ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं उन सभी महान सेनानियों के चरणों में कोटि-कोटि वंदन करता हूँ जिन्होंने अपने पराक्रम और बलिदान से देश को आजादी दिलाई और साथ ही उन सभी वीरों को भी नमन करता हूँ जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज हमें बहुत गर्व है कि जिस स्वतंत्र, सबल व समर्थ भारत का स्वप्न हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चरितार्थ कर रहें हैं। मोदी सरकार ने एक ओर गरीब व वंचित वर्ग को घर, बिजली, स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएँ दी हैं तो वहीं दूसरी ओर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया है।

**शुभकामनाएं**

सभी पाठकों को रेल समाचार ब्यूरो की ओर से ७४वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

प्रधान संपादक


# सार्वजनिक सूचना

### उत्तर मध्य रेल करेगा माल उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान

# व्यापार विकास ईकाईयों का गठन



### व्यापार विकास ईकाईयों की भूमिका

- लोडिंग बढ़ाने हेतु व्यापार एवं उद्योग प्रतिनिधियों से लगातार बातचीत।
- विचार एवं समाधानः–
  a) शेड/साइडिंग एवं फ्रेट इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मामले।
  b) वैगन और फ्रेट रोलिंग स्टॉक संबंधी मामले।
  c) वित्त संबंधी माल भाड़ा मामले।
  d) फ्रेट लोडिंग से सम्बन्धित अन्य मामले।
- संभावित उपभोक्ताओं से प्रस्ताव प्राप्त करना, विश्लेषण एवं सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करना।
- आवश्यकता पड़ने पर रेलवे बोर्ड से सहायता/मदद लेने हेतु।
- विभिन्न माध्यमों द्वारा लक्षित समूहों तक माल भाड़ा प्रोत्साहन स्कीमों, परिवहन उत्पादों आदि का व्यापक प्रचार करना।

### कार्य करने की प्रक्रिया

- बीडीयू प्रत्येक महीने में कम से कम एक बार या आवश्यकतानुसार बैठक करेगा और विभिन्न नये प्रस्तावों, लंबित प्रस्तावों की प्रगति, गुड्स शेड, वैगनों एवं फ्रेट लोडिंग से संबंधित मामलों पर चर्चा करेगा।

व्यापारी, उद्योगपति, मालभाड़ा ग्राहक फ्रेट लोडिंग से सम्बन्धित किसी भी विषय पर बीडीयू के निम्न समन्यकों से सम्पर्क कर सकते हैं।

| व्यापार विकास इकाई | कोआर्डिनेटर | नाम | सम्पर्क नं. (सीयूजी) | ई–मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|
| उमरे/मुख्यालय | मुख्य माल यातायात प्रबंधक | श्री पी के ओझा | 9794835901 | ncrbdu@gmail.com |
| प्रयागराज मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री एस के शुक्ला | 9794837900 | sdomald@gmail.com |
| झांसी मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री शशिकांत त्रिपाठी | 9794838900 | srdom.jhs@gmail.com |
| आगरा मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री आकांशु गोविल | 9760536900 | srdomagra@gmail.com |

# उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR 878/20 (RD)


## उत्तर मध्य रेलवे में भव्यता के साथ मनाया गया ७४ वाँ स्वतंत्रता दिवस




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में १५ अगस्त २०२० को, राष्ट्र का ७४ वाँ स्वतंत्रता दिवस भव्यता, उल्लास, उत्साह और उत्साह के साथ मनाया गया। उत्तर मध्य रेलवे में समारोह आयोजित करते समय कोविड -१९ महामारी के प्रसार के दृष्टिगत, सोशल डिस्टैंसिंग, मास्क, आदि जैसे निवारक उपायों और कोविड -१९ से संबंधित सभी दिशानिर्देशों का पालन किया गया है। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया और रेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह को वेब कास्ट के माध्यम से सभी रेल कर्मियों एवं अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए तैयार किया गया था, जो कोविड -१९ के कारण भाग नहीं ले सके। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।